Health & Wealth
We Manage Both

alankit LIMITED

Date: 11/08/2022

To,
**The General Manager**
**Department of Corporate Services**
**Bombay Stock Exchange Limited**
P.J Towers, Dalal Street
Mumbai – 400001
**Security Code No. : 531082**

**The National Stock Exchange of India Ltd.**
Exchange Plaza, 5th Floor,
C-1, Block G, Bandra – Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai – 400051
**Security Code No. : ALANKIT**

**Sub: Publication of Unaudited Financial Results for the quarter ended June 30, 2022 under Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations, 2015**

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (LODR) Regulations 2015, we are enclosing herewith the newspaper advertisement of Unaudited Financial Results for the Quarter ended 30.06.2022, which was published on 11th August, 2022 in the following newspapers:

1. Financial Express and
2. Haribhoomi

You are requested to take note of the same.

This is for your information and records.

Yours Faithfully
FOR **ALANKIT LIMITED**

**SACHIN NARANG**
**COMPANY SECRETARY AND COMPLIANCE OFFICER**

**Place: New Delhi**



2070822005

CIN : L74900DL1989PLC036860
**Registered Office :** 205-208, Anarkali Complex, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Corporate Office :** Alankit House, 4E/2, Jhandewalan Extension, New Delhi -110055, India
**Phone :** +91-11-4254 1234 / 2354 1234 I **Fax :** +91-11-2355 2001 I **Website :** www.alankit.in I **email :** info@alankit.com, investor@alankit.com
Listed on the National Stock Exchange (NSE) and the Bombay Stock Exchange (BSE)

## खबर संक्षेप

### झारखंड में सोरेन परिवार की बढ़ीं मुश्किलें



**रांची।** कोयला मंत्री के पद पर रहते हुए झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और उनके परिवार पर अवैध कमाई अर्जित करने और बेनामी संपत्तियों की खरीद के मामले में लोकपाल ने नोटिस जारी किया है। शिबू सोरेन को इस मामले में 25 अगस्त को दिन के साढ़े ग्यारह बजे स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा। लोकपाल इंडिया के फुल बेंच ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

### नीतीश-तेजस्वी के शपथ ग्रहण से दूर रहे अखिलेश



**लखनऊ।** बिहार में चल रहे नीतीश कुमार-तेजस्वी यादव के शपथ ग्रहण समारोह से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश दूर रहे। उन्हें बुलाया नहीं गया है। हालांकि, अखिलेश ने ट्वीट कर दोनों को बधाई दी है। समारोह में अखिलेश का न जाना कई मामलों में अहम है। एक तरफ वह तेजस्वी यादव के रिश्तेदार हैं तो दूसरी तरफ केंद्र में गैर भाजपा व गैर कांग्रेस खेमे की अगुवाई करने का दम भरते हैं।

### कलाबाजी के दौरान ट्यूब लाइट फटी, मौत



**कोडरमा।** मोहर्रम के त्योहार को लेकर जुलूस निकला था। जुलूस में कई लोग लाठी-ट्यूब लाइट आदि लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। एक खिलाड़ी ट्यूब लाइट से कलाबाजी कर रहा था। तभी ट्यूब लाइट फटने से उसके टुकड़े कुछ दूर तक छिटक गए। शीशे का एक टुकड़ा करतब देख रहे कलीम सिद्दीकी नामक युवक के गले में धंस गया। इससे उसकी मौत हो गई।

### 'बिहार के विकास के लिए सजगता से हो प्रयास'



**पटना।** जाप प्रमुख पप्पू यादव ने ट्वीट कर नीतीश को 8वीं बार सीएम व तेजस्वी को दूसरी बार डिप्टी सीएम के तौर पर शपथ लेने के लिए बधाई दी। लिखा कि 'नीतीश जी आपको भाजपा से मुक्ति मिलने पर हार्दिक बधाई। बिहार की आकांक्षाओं पर खरे उतरे सरकार, सजगता से हो प्रयास। देश को भी भाजपा से आज़ादी दिलाने कांग्रेस के साथ मिलकर अभियान चलाएं।

### कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद को मिली जमानत

**गोरखपुर ।** कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के लिए राहत भरी खबर है। मजिस्ट्रेट प्रभात त्रिपाठी के सामने कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस प्रभात त्रिपाठी ने कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद को जमानत याचिका मंजूर कर ली।

## सुशील मोदी का बड़ा आरोप

# उपराष्ट्रपति नहीं बनने के आक्रोश में नीतीश ने छोड़ी एनडीए

> भाजपा से अलग होकर महागठबंधन के साथ सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार पर भाजपा ने जोरदार हमला किया है। सुशील मोदी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को निशाने पर रखा।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने सीएम नीतीश कुमार पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। कहा कि नीतीश एक नहीं, कई झूठ बोल रहे हैं। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक मंत्री बनाने का निर्णय लिया था। शिवसेना के 19 एमपी थे जबकि जदयू 16 एमपी ही थे।

ऐसे में दोनों दलों से एक-एक सांसद को मंत्री बनाया जाए। इसी फार्मूले पर नीतीश कुमार से बात हुई, लेकिन जदयू दो मंत्री बनाने पर अड़ गया। दूसरी बार जब मंत्रिमंडल विस्तार का समय आया तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को स्वयं अमित शाह ने फोन किया और एक नाम मांगा था। इसके बाद नीतीश कुमार ने आरसीपी सिंह का नाम दिया था। नीतीश कुमार ने स्वयं यह भी कहा था कि ललन सिंह नाराज होंगे, लेकिन आरसीपी सिंह को मंत्री बना दीजिए। सुशील मोदी ने बिहार के 30 प्रतिशत पिछड़ा समाज के साथ नीतीश द्वारा धोखा देने और अपमान करने को लेकर घेरा है।



कहा कि तेजस्वी सीबीआइ के चार्ज शीटेड हैं। बेल पर बाहर हैं। तेजस्वी कभी भी जेल जा सकते हैं। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार राजद को तोड़ कर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। जदयू के कई बड़े नेताओं ने भाजपा नेतृत्व से नीतीश कुमार को उप राष्ट्रपति बनाने के लिए संपर्क किया। जदयू ने आखिरी समय तक दबाव बनाया, लेकिन बात नहीं बनी तो उन्होंने बिहार की जनता को धोखा दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजग छोड़कर महागठबंधन से हाथ मिलाने के खिलाफ भाजपा नेताओं के धरना के दौरान उन्होंने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा पर जोरदार हमला किया।

### नीतीश कुमार ने किया जनादेश का अपमान

बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी प्रदेश मुख्यालय में धरना देकर नीतीश कुमार पर जनता को धोखा देने का आरोप लगाया। इसे सीधे-सीधे जनादेश का अपमान बताया। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, रविशंकर प्रसाद ने भी नीतीश पर प्रहार किया।

## 60 से अधिक उम्र की महिलाओं को जल्द मिलेगी मुफ्त बस सेवा

# सीएम योगी का परिवहन विभाग को तोहफा,150 नई बसों को दिखाई झंडी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

> काफी समय से इस बात पर चर्चा चल रही थी। और आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर सरकार इस योजना का उद्घाटन किया। दूसरी तरफ यूपी में 60 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को जल्द ही बस की मुफ्त सवारी का मौका मिलेगा। सीएम योगी आदित्यनात ने बुधवार को एक विशेष कार्यक्रम में यह बात कही।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने परिवहन निगम की 150 नई बसों को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने बुधवार एक कार्यक्रम में कहा कि जैसे हम रक्षाबंधन पर 48 घंटे तक बहन-बेटियों के लिए फ्री में बस सेवा दे रहे हैं, वैसे ही बहुत जल्द 60 वर्ष से ऊपर की हर महिलाओं को फ्री बस सेवा दी जाएगी। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर परिवहन निगम के कार्यक्रम के दौरान कहा, 'मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जब यह प्रस्ताव मेरे पास आया तो मैंने कहा कि रक्षाबंधन से अच्छा दिन क्या हो सकता है। हर जिले को दो-दो बसें दीजिए। बुधवार मध्य रात्रि से हम बहन और बेटियों को 48 घंटे तक फ्री में बस सुविधा उपलब्ध कराने जा रहे हैं।

- उत्तर प्रदेश में बहन और बेटियों को 48 घंटे तक फ्री में बस सुविधा
- बस अड्डों में डॉर्मेट्री, रेस्टोरेंट और होटल की व्यवस्था बनाने के निर्देश

### एयरपोर्ट की तरह बस अड्डा बनाना चाहते हैं सीएम योगी



सीएम योगी ने बस अड्डे को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, अगर भारत के एयरपोर्ट वर्ल्ड क्लास बन सकते हैं, तो हम अपने बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित क्यों नहीं कर सकते। हर जिले में जितने भी इंटर स्टेट हो या इंटर डिस्ट्रिक्ट बस स्टेशन अच्छे दिखने चाहिए। अच्छी सुविधाओं से संपन्न होने चाहिए। कोई व्यक्ति बस स्टेशन आए, तो उसे बैठने की सुविधा भी मिले। सीए ने कहा कि अगर लोगों को कुछ समय के लिए आराम की जरूरत पड़ती है, तो वहां डॉर्मेट्री, रेस्टोरेंट और होटल की व्यवस्था हो।

**इंटर-स्टेट कनेक्टिविटी पर हो रहा यह काम**

सीएम योगी इंटर-स्टेट कनेक्टिविटी पर कहा कि उनकी सरकार ने पिछले कार्यकाल के दौरान तमाम राज्यों से एमओयू किए थे ताकि हमारी बसें बेधड़क दूसरे राज्यों में जा सकें। जो बसें जर्जर हैं, अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं, उन्हें बेड़े से हटाकर नई बस क्रय किए जाने चाहिए, ताकि कंडम हो चुकी बसों को बेड़े से बाहर करके नई बसों को शामिल कर सकें। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गांवों को जोड़ने पर भी विशेष जोर दिए जाने की बात की। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसें या अनुबंधित बसें प्रदेश के करीब एक लाख 10 हजार से अधिक राजस्व गांवों को जोड़ने के सबसे अच्छे माध्यम हैं।


### वैश्विक स्तर का इंस्टीट्यूट तैयार किया जाएगा

उन्होंने परिवहन निगम की ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की आवश्यकता के साथ वैश्विक परिदृष्य में कहां, क्या जरूरत है उसके अनुसार हमें अपने इंस्टीट्यूट को तैयार करना होगा। अपनी वर्कशाप को आईटीआई और पॉलिटेक्निक के साथ जोड़कर अधिक से अधिक अभ्यास कराने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा, ' प्रदेश में हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतें हैं। कोरोना जैसी महामारी ने जिसने दुनिया को पस्त कर दिया, उस दौरान भी हमें मौतों को न्यूनतम रखने में सफलता मिली, लेकिन सड़क दुर्घटना के पीछे क्या कारण हैं, इसे ढूंढने और उसके तह में जाने की आवश्यकता है। अगर हम इसमें सफल हो पाएंगे, तो निश्चित ही कहीं न कहीं सड़क दुर्घटना मौत को कंट्रोल करने में मदद मिलेगी।

## ... तो अब क्या मंत्रियों के मुकदमे वापस लेगी योगी सरकार !

# योगी सरकार के 52 में से 22 मंत्रियों के खिलाफ दर्ज हैं केस

अनिल केअंकुर द्विवेदी ▶▶ लखनऊ



प्रदेश में राकेश सचान पहले कैबिनेट मंत्री हैं जिन्हें अदालत ने किसी आपराधिक मामले में दोष सिद्ध करार दिया है। उन्हें अवैध असलहा रखने के मामले में एक साल की सजा हुई है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उनके मामले पर विचार विमर्श कर सचान का इस्तीफ़ा ना लेने का फैसला भी किया है। यानी कि अब वह योगी सरकार में मंत्री बने रहेंगे। वहीं अब पूर्व की सरकारों के समय योगी मंत्रिमंडल के जिन मंत्रियों और विधायकों पर राजनीतिक विद्वेष से दर्ज केस हुए थे, उन्हें वापस लेने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जाएगी। मंत्री विधायकों पर दर्ज संगीन अपराध के प्रकरणों को वापस लेने के बारे में सरकार विचार नहीं करेगी।

गौरतलब है कि यूपी में वर्तमान में 403 विधायकों में 205 यानी 51 प्रतिशत के ऊपर आपराधिक मामले हैं. इसके अलावा योगी सरकार के 52 में 22 मंत्रियों का आपराधिक रिकॉर्ड है। सरकार में शामिल 20 मंत्री ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मुकदमे हैं।

### गंभीर अपराधों पर 5 साल से अधिक की सजा

जिन धाराओं में 5 साल से ज्यादा की सजा का प्रावधान हो, उसे गंभीर अपराध उसे माना गया है। योगी सरकार ने शामिल जिन सदस्यों के विरुद्ध आपराधिक मामले हैं उनमें उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता उर्फ़ नंदी, धर्मपाल सिंह, राकेश सचान, अनिल राजभर, योगेन्द्र उपाध्याय, भूपेंद्र चौधरी, संजय निषाद तथा स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, गिरीश चंद्र यादव, रविंद्र जायसवाल और राज्यमंत्री दिनेश खटीक,सुरेश राही,मयंकेश्वर शरण सिंह,सतीश चंद्र शर्मा, ब्रजेश सिंह का भी नाम है. इसके अलावा दो दर्जन से अधिक विधायकों के नाम है. इस सभी के खिलाफ कई सालों पुराने मुकदमे चल रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### एक ज्योतिष पक्ष ...

रात 8.25 से 9. 45 बजे तक का रहेगा। इस पर्व पर ग्रहों की दुर्लभ स्थिति से बन रहे शुभ योगों के कारण पूरे दिन खरीदारी का शुभ मुहूर्त भी रहेगा। एक दूसरा पक्ष ये भी है। कुछ ज्योतिषी कहते हैं कि रक्षाबंधन 11 अगस्त को ही मनाया जाएगा। सुबह 10.38 बजे से पूर्णिमा प्रारंभ होगी। 12 अगस्त को सुबह 7.05 बजे तक रहेगी। उसके बाद प्रथमा तिथि प्रारंभ हो जाएगी और श्रवण नक्षत्र भी सुबह 4 बजकर 8 मिनट तक रहेगा । 11 अगस्त को भद्रा भी 10.38 बजे सुबह से प्रारंभ हो रही है। परंतु चंद्रमा मकर राशि में है, इसलिए भद्रा पाताल लोक में है। क्योंकि, हम पृथ्वी लोक में रहते हैं, इसलिए इस दिन भद्रा का प्रभाव पृथ्वी लोक पर नहीं है। इसलिए, रक्षाबंधन के त्योहार मनाने में कोई दोष नहीं हैं। आप किसी तरह की शंका न करें। त्यौहार पूर्ण हर्ष उल्लास से 11 अगस्त को सुबह 10:38 बजे के बाद मनाएं।

### भद्रा पाताललोक ...

के दौरान रक्षाबंधन और होलिका दहन करने को अशुभ बताया है। इसलिए भद्रा के वास पर विचार न करते हुए इसे पूरी तरह बीत जाने पर ही राखी बांधना चाहिए। वहीं, 12 तारीख को पूर्णिमा तिथि सुबह सिर्फ 2 घंटे तक ही होगी और प्रतिपदा के साथ रहेगी। इस योग में भी रक्षाबंधन करना निषेध है।

### भद्रा कहीं रहे ...

हरिद्वार, पुरी और तिरुपति के विद्वानों का कहना है कि भद्रा का वास चाहे आकाश में रहे या स्वर्ग में, जब तक भद्रा काल पूरी तरह खत्म न हो जाए तब तक रक्षा बंधन नहीं करना चाहिए। इसलिए सभी ज्योतिषाचार्यों का एकमत होकर कहना है कि 11 अगस्त, गुरुवार को रात 8.25 के बाद ही रक्षाबंधन मनाना चाहिए।

### भाजपा के राष्ट्रीय...

सुनील बंसल अब तक उत्तर प्रदेश में संगठन का काम कर रहे थे। उन्होंने 2014, 2017, 2019 और 2022 के चुनाव में उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए बेहतरीन काम किया है। हालांकि, 2014 में सबसे पहले उन्हें उत्तर प्रदेश प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी ने सह प्रभारी के रूप में भेजा था। उस वक्त उत्तर प्रदेश में प्रभारी की भूमिका में अमित शाह थे। सुनील बंसल को संगठन में काम करने का लंबा अनुभव है। वह अमित शाह के भी बेहद खास माने जाते हैं। वह आरएसएस के प्रचारक भी रहे हैं। वह आरएसएस के लिए भी लगातार काम करते हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव के समय में भी सुनील बंसल को कुछ क्षेत्रों में वहां जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सुनील बंसल उन चंद लोगों में से हैं जो खामोश रहकर अपना काम करते रहते हैं।

गौरतलब है कि 2024 के आम चुनाव को लेकर यह तीनों राज्य बेहद अहम है। इन तीनों राज्यों में भाजपा को खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रही है। पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती ममता बनर्जी हैं। तो वहीं तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की राजनीति का दबदबा है जहां भाजपा अपनी जमीन तैयार करने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही ओडिशा भी 2024 के लिहाज से भाजपा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ओडिशा में भाजपा फिलहाल खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में प्रभारी के रूप में सुनील बंसल की भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

### राष्ट्रीय ध्वज का ...

था। भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को तीन भागों में बांटा गया। पहले भाग में भारत के राष्ट्र ध्वज का सामान्य विवरण है। दूसरे भाग में जनता, निजी संगठनों, शैक्षिक संस्थानों आदि के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन के विषय में बताया गया है। तीसरे भाग में केंद्र और राज्य सरकारों तथा उनके अनुषंगी संगठनों और अभिकरणों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के विषय में जानकारी दी गई है। इसमें उल्लेख है कि तिरंगे का उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है। भारतीय ध्वज से 13/24 स्पष्ट रूप से इंगित करती है कि राष्ट्रीय ध्वज का उपयाग किसी भी प्रकार की सजावट के प्रयोजनों के लिए नहीं किया जाना चाहिए तथा इसका उपयोग व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आधिकारिक प्रदर्शन के लिए केवल भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप और उनके चिह्न वाले झंडे का उपयोग किया जा सकता है।

### भारतीय राष्ट्रीय...

राष्ट्रगान और भारतीय मानचित्र सहित देश के सभी राष्ट्रीय प्रतीकों के अपमान को प्रतिबंधित करता है। यदि कोई व्यक्ति अधिनियम के तहत निम्नलिखित अपराधों में दोषी ठहराया जाता है, तो वह 6 वर्ष की अवधि के लिए संसद एवं राज्य विधानमंडल के चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य हो जाता है।

# एसपी ने दो सिपाहियों को किया लाइन हाजिर

एजेंसी ▶▶ मैनपुरी

थाना भोगांव क्षेत्र की रकरी चौकी पर तैनात दो सिपाहियों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया। सिपाहियों पर दशरथ कठेरिया के परिजनों ने रुपए न मिलने पर पीटने और आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए हंगामा किया था। एसपी से कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद परिजनों ने देर शाम शव का अंतिम संस्कार किया। दशरथ कठेरिया द्वारा खुदकुशी किए जाने के बाद पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया था। परिजन दशरथ को पीटने के आरोपी सिपाही पुष्पेंद्र और अजीत के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। देर रात एसपी कमलेश दीक्षित ने चौकी पर तैनात दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया। आदेश मिलते ही सिपाहियों को थाने से कार्यमुक्त करते हुए लाइन भेजा गया है।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड / निगम / प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड / निगम / प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन के.कोट. रोहतक में जंग लगे हुए टावर स्ट्रक्चर और उपकरणों को पेंट करना | 08.08.2022 29.08.2022 | 4.19 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन कैथल (सिविल वर्क्स) में ट्रेंच कवर्स की मरम्मत और यार्ड में 3.66 मी. चौडे सीमेंट कंक्रीट रोड का निर्माण | 08.08.2022 23.08.2022 | 9.32 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | विभिन्न प्रकार के 132 केवी और 66 केवी सीएंडआर पैनल्स (एसएएस के बिना) की अधिप्राप्ति | 08.08.2022 08.09.2022 | ईएमडी 10.30 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन घरौंडा (सिविल वर्क्स) में बिटुमेन रोड की मरम्मत | 08.08.2022 22.08.2022 | 5.08 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन गन्नौर, सोनीपत में सहायक सिविल कार्यों सहित बस बार के विस्तार द्वारा 2 अदद 33 केवी बे की रचना, अतिरिक्त 40/50 एमवीए 132/33 केवी टी/एफ प्लिंथ सहित बस बार के विस्तार द्वारा 1 अदद 132 केवी बे की रचना हेतु ड्राफ्ट ई-एनआईटी | 05.08.2022 17.08.2022 | 42.44 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | 66 केवी बीबीएमबी-ग्लोब स्टील लाइन सीकेटी के 01 अदद 66 केवी 1* 630 वर्ग मिमी. एक्सएलपीई पावर केबल की मरम्मत | 08.08.2022 19.08.2022 | 3.74 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2023/120/11797/I/88/7 दि. 10.08.22



## पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535
पंजी. कार्यालय : ए-97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110020, भारत
Tel. No.: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746
Email : pearl@pearlpet.net, Web : www.pearlpet.net

30 जून 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही हेतु 30.06.2022 (अअंकेक्षित) | 31.03.2022 (अअंकेक्षित) | 30.06.2021 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 527.48 | 584.68 | 5,110.75 | 10,477.17 |
| 2 | अवधि (कर, असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (317.31) | (407.79) | 3,431.23 | 2,786.52 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (317.31) | (407.79) | 3,431.23 | 2,786.52 |
| 4 | कर के बाद अवधि (असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (317.31) | (674.21) | 3,054.50 | 2,184.38 |
| 5 | अवधि [अवधि हेतु लाभ/(हानि) निहित (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय | (317.31) | (651.37) | 3,052.32 | 2,205.05 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 | 1,682.68 |
| 7 | रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार | | | | |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | |
| | 1. बेसिक | (1.89) | (4.01) | 18.15 | 12.98 |
| | 2. डायल्युटेड | (1.89) | (4.01) | 18.15 | 12.98 |

टिप्पणी :
सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये अंअंकेक्षित तिमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। 30 जून 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट्स www.nseindia.com, www.bseindia.com पर और कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net पर उपलब्ध है।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
हस्ता/-
उदित सेठ
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00005403

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 10 अगस्त 2022



## अलंकित लिमिटेड

CIN: L74900DL1989PLC036860
पंजी. कार्यालय : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

30.06.2022 को समाप्त प्रथम तिमाही हेतु स्टैंडअलोन और समेकित अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरण का सार

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अअंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 30.06.2021 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) | समेकित समाप्त तिमाही 30.06.2022 (अअंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 30.06.2021 (अअंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.03.2022 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 2,274.65 | 2,624.60 | 2,508.67 | 10,654.36 | 3,579.63 | 3,211.85 | 3,454.58 | 13,667.35 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण मदों से पूर्व) | 368.56 | 166.11 | 364.41 | 1,428.13 | 616.75 | (505.93) | 545.41 | 839.52 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 368.56 | 166.11 | 364.41 | 1,428.13 | 616.75 | (505.93) | 545.41 | 839.52 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | 259.71 | 123.71 | 254.53 | 1,006.30 | 465.05 | (434.76) | 358.20 | 287.11 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) | 275.10 | 241.69 | 245.87 | 1,099.62 | 478.09 | (326.86) | 349.80 | 370.97 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 | 1,429.58 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर) | | | | 8,633.94 | | | | 11,893.44 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) | | | | | | | | |
| | 1. बेसिक | 0.18 | 0.09 | 0.18 | 0.70 | 0.31 | (0.31) | 0.22 | 0.16 |
| | 2. डायल्युटेड | 0.18 | 0.09 | 0.18 | 0.70 | 0.31 | (0.31) | 0.22 | 0.16 |

टिप्पणी :
1. 30 जून 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु उपरोक्त अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई और 10 अगस्त 2022 को आयोजित इसकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा इस पर अनुशंसा की गई और अनुमोदित किये गये।
2. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.bseindia.com और www.nseindia.com पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट www.alankit.in पर भी उपलब्ध हैं।
3. उपरोक्त परिणाम कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 और अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज और पॉलिसीज, जहां तक लागू योग्य हैं, के तहत निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

कृते अलंकित लिमिटेड
हस्ता/-
अंकित अग्रवाल
प्रबंध निदेशक

दिनांक : 10.08.2022
स्थान : नई दिल्ली